ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
KHWAJA MOINUDDIN CHISHTI LANGUAGE UNIVERSITY, LUCKNOW

**पत्र संख्या-340/अधि0शै0/भाविवि/2025** **दिनांकः 21 नवम्बर, 2025**

# कार्यालय-ज्ञाप

अधिष्ठाता शैक्षणिक कार्यालय के पत्र संख्या-333/दिनांक 13 नवम्बर 2025 के द्वारा शैक्षिक सत्र 2025-26 के नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत समस्त पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर (तृतीय, पंचम एवं सप्तम् सेमेस्टर) का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क दिनांक 15 नवम्बर, 2025 तक (विलम्ब शुल्क रू 3,000 सहित) जमा कराये जाने हेतु समयसीमा निर्धारित की गयी थी।

उपरोक्तानुसार विद्यार्थियों के अनुरोध तथा छात्र हित में माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त शैक्षिक सत्र 2025-26 के नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत समस्त पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर (तृतीय, पंचम एवं सप्तम् सेमेस्टर) का पंजीकरण एवं सेमेस्टर शुल्क जमा करने की रू03,000/- विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 23 नवम्बर 2025 तक समयसीमा विस्तारित की जाती है।

अतएव अन्तिम अवसर प्रदान करते हुये अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि **23 नवम्बर 2025 तक प्रत्येक दशा में रू03,000/- विलम्ब शुल्क के साथ अपना सेमेस्टर शुल्क जमा** करना सुनिश्चित करें।

साथ ही परीक्षा नियंत्रक कार्यालय द्वारा परीक्षा फॉर्म भरने की अन्तिम तिथि दिनांक 24 नवम्बर 2025 तक विस्तारित किये जाने के परिप्रेक्ष्य में सम्बन्धित विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि समर्थ पोर्टल पर अपने लॉगइन के माध्यम से कोर्स का चयन करते हुये अपना परीक्षा फॉर्म भरना सुनिश्चित करें।

**(प्रो0 सौबान सईद)**
**अधिष्ठाता-शैक्षणिक।**

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय को माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव कार्यालय।
3. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी कार्यालय।
4. समस्त शिक्षकों को इस आशय के साथ प्रेषित कि वे अपने स्तर से समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित करना सुनिश्चित करें।
5. परीक्षा नियंत्रक / नोडल अधिकारी – समर्थ / वेबसाइट एडमिनिस्ट्रेटर
6. समस्त सूचना पटल।
7. सम्बन्धित पत्रावली / गार्ड फाइल।

**अधिष्ठाता-शैक्षणिक।**